-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **यातायात जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शहर क्षेत्र में निकाली गई यातायात जागरुकता रैली। सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा सड़कों में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु किया गया जागरुक।**

विवरण- जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली अपूर्णीय क्षति को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 11.09.2025 को सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री मेविस टॉक द्वारा बाबूलाल चौराहा पर जीआईसी स्कूल के छात्र/छात्राओं के साथ आम जनमानस को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रुप से यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत रैलियों तथा नुक्कड़ नाटकों आदि के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जा रहा है। सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। हर व्यक्ति को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिये, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा दोपहिया वाहन पर एक वक्त में दो लोगों को ही सवार होना चाहिये। इस दौरान सड़कों पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों को जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील सक्सेना ने भी छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अभियान में स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक/शिक्षिका, परिवहन विभाग से पीटीओ श्री रामसुमेर यादव, मण्डलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा चित्रकूटधाम मण्डल श्री पीयूष मिश्र, यातायात उपनिरीक्षक श्री निहाल सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।